# कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), रामगढ़।

## WDC PMKSY 2.0

WDC PMKSY 2.0 जलछाजन परियोजना अन्तर्गत जिला स्तर पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना।

कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) रामगढ़ द्वारा WDC PMKSY 2.0 जलाछाजन परियोजना अन्तर्गत अंकित अहर्ता एवं अनुभव के आधार पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु निम्नांकित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैः–

| क्र0 सं0 | पदनाम | शैक्षणिक योग्यता | अतिरिक्त योग्यता | अनुभव | नियुक्ति का प्रकार | अनुबंध अवधि | एकमुस्त मासिक परिलब्धि (रू0में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | WDT- असैनिक अभियंता / कृषि अभियंता | Diploma/Degree in Civil/Agriculture Engineering and related fields /Diploma in Watershed Management | I)Computer literate<br><br>II)Knowladge in Local Language<br><br>III) Two Wheeler driving skill | 1-2 Year Experience in related field | संविदा आधारित | एक वर्ष | एक मुश्त मासिक वेतन 25000/– (PMKSY 2.0 हेतु समय–समय पर SLNA द्वारा निर्गत मार्ग निर्देशिका के अनुसार) |
| 2 | WDT- आजीविका / कृषि विशेषज्ञ | Graduate in Zoology/ Botany/ Geology/Agriculture/ Veterinary/ Fishries/ Forestry/ Allied subjects or Post Graduate in above disciplines | | 1-2 Year Experience in related field | संविदा आधारित | एक वर्ष | एक मुश्त मासिक वेतन 20000/– (PMKSY 2.0 हेतु समय–समय पर SLNA द्वारा निर्गत मार्ग निर्देशिका के अनुसार) |
| 3 | WDT- सामाजिक विशेषज्ञ | PG in Social Science/MSW/Rural Development or Graduate in any discipline with two or more years of experiences in community organization | | 1-2 Year Experience in related field | संविदा आधारित | एक वर्ष | एक मुश्त मासिक वेतन 15000/– (PMKSY 2.0 हेतु समय–समय पर SLNA द्वारा निर्गत मार्ग निर्देशिका के अनुसार) |
| 4 | WDT- MIS-cum-Accountant | Graduate in Commerce/ Accounts/ Economics/ any other graduate in relevant discipline<br>MBA in finance/ ICWA/ Costing desirable | | 1-2 Year Experience in related field | संविदा आधारित | एक वर्ष | एक मुश्त मासिक वेतन 10000/– (PMKSY 2.0 हेतु समय–समय पर SLNA द्वारा निर्गत मार्ग निर्देशिका के अनुसार) |

उक्त पदो की श्रेणीवार रिक्तियाँ

| क्र0 सं0 | पदनाम | सामान्य (Gen.) | अ0जा0 (SC) | अ0ज0जा0 (ST) | पिछडा वर्ग (BC-2) | अत्यन्त पिछडा वर्ग (BC-1) | EWS | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | WDT- असैनिक अभियंता / कृषि अभियंता | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 |
| 2 | WDT- आजीविका / कृषि विशेषज्ञ | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 |
| 3 | WDT- सामाजिक विशेषज्ञ | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 |
| 4 | WDT- MIS-cum-Accountant | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 |

**नोट**– 1. नियुक्ति में राज्य सरकार द्वारा निर्गत (रामगढ़ जिला हेतु) आरक्षण नीति ही मान्य होगी।

2. आवेदन–पत्र का प्रारूप, रिक्त पदों के लिए वांछित योग्यता सहित अन्य विस्तृत जानकारी रामगढ़ जिले के वेबसाईट https://ramgarh.nic.in पर तथा आत्मा रामगढ़ कार्यालय के वेबसाईट– https://atmaramgarh.org.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

**उक्त पदों पर नियुक्ति हेतु शर्तें निम्नवत् हैं :–**

1. विज्ञापित पद संविदा आधारित है एवं प्रारंभिक एक वर्ष के लिए है, जिसे प्रत्येक वर्ष Performance Appraisal Report के आधार पर एक वर्ष अथवा योजना की समाप्ति, जो पहले हो, तक बढ़ाया जा सकता है।
2. उक्त चारो पदों पर चयन हेतु कुल पूर्णक–100 अंक होगा।
3. शैक्षणिक योग्यता –
   (i) WDT- असैनिक अभियंता / कृषि अभियंता पद हेतु शैक्षणिक योग्यता के लिए 50 अंक (दसवीं– 10 अंक, इंटरमीडिएट- 10 अंक, Diploma in Civil/Agriculture Engg./ Diploma in Watershed Management 20 अंक अथवा Degree in Civil/Agriculture Engg./ Watershed Management 30 अंक ) सामान्य ज्ञान एवं विषय संबंधी ज्ञान– 30 अंक(परीक्षा), संबंधित क्षेत्र में कार्य अनुभव– 20 अंक (प्रत्येक वर्ष 04 अंक)

   (ii) WDT- आजीविका / कृषि विशेषज्ञ पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 50 अंक, (दसवीं– 10, Intermediate-10 अंक, B.Sc- 20 अंक, M.Sc-10 अंक) सामान्य ज्ञान एवं विषय संबंधी ज्ञान– 30 अंक(परीक्षा), संबंधित क्षेत्र में कार्य अनुभव– 20 अंक (प्रत्येक वर्ष 04 अंक)।

   (iii) WDT- सामाजिक विशेषज्ञ पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 50 अंक, (दसवीं– 10, Intermediate-10 अंक, B.A- 20 अंक, M.A./RD -10 अंक) सामान्य ज्ञान एवं विषय संबंधी ज्ञान– 30 अंक(परीक्षा), संबंधित क्षेत्र में कार्य अनुभव– 20 अंक (प्रत्येक वर्ष 04 अंक)।

   (iv) WDT- MIS-cum-Accountant पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 50 अंक, (दसवीं– 10, Intermediate-10 अंक, B.Com.- 20 अंक M.Com/M.BA in Finance/ ICWA- 10 अंक), सामान्य ज्ञान एवं विषय संबंधी ज्ञान– 30 अंक(परीक्षा), संबंधित क्षेत्र में कार्य अनुभव– 20 अंक (प्रत्येक वर्ष 04 अंक)।
4. उक्त चारों पदों की नियुक्ति में जलछाजन परियोजना क्षेत्र या निकटम क्षेत्र के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाऐगी।
5. चयनित अभ्यर्थी को परियोजना निदेशक, आत्मा के साथ संविदा एकरारनामा करना होगा।
6. चयनित अभ्यर्थियों का संविदा एकरारनामा की तिथि से संविदा प्रारंभ मानी जाएगी।
7. नियोजन संविदा पर की जाएगी। भविष्य में स्थाई नियुक्ति का दावा मान्य नहीं होगा।
8. योजना / संविदा की अवधि की समाप्ति के पूर्व अग्रिम सूचना दे कर किसी भी समय नियोजन समाप्त की जा सकती है।

9. विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 45 वर्ष से कम उम्र वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जायेगी किन्तु 65 वर्ष से अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी की आवेदन स्वीकार नहीं किये जाऐंगे।
10. इच्छुक उम्मीदवार आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य प्रमाण पत्रों (यथा अंक पत्र, कार्यानुभव प्रमाण पत्र, कम्प्यूटर दक्षता सहित आदि) का स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति निश्चित रूप से संलग्न करेंगे।
11. Two Wheeler driving skill के लिए Driving Licence का छायाप्रति लगाना अनिवार्य है।
12. आवेदक को आवेदन के साथ प्रकाशित शपथ पत्र नमूना जो ननजूडिसियल स्टाम्प पेपर में संलग्न करना आवश्यक होगा।
13. प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग आवेदन स्वीकार किये जायेंगे तथा आवेदन पत्र का लिफाफा के उपर **आवेदित पद का नाम** आवश्यक रूप से अंकित किया जाय।
14. गलत, अपूर्ण संलग्न कागजात एवं अधूरे भरे हुए आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा तथा आवेदन को निरस्त कर दिया जायेगा।
15. आवेदक को कार्य अनुभव का लाभ लेने के लिए अपने अनुभव प्रमाण पत्र के साथ अपना Bank Statement and Pay Slip भी संलग्न करना आवश्यक होगा।
16. सभी 04 पदो के लिए प्राप्त आवेदन के विरूद्व संकलित सूची जारी की जायेगी जिसमें अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार का अनापत्ति/त्रृटि निराकरण हेतु पर्याप्त समय दिया जायेगा। तदोपरान्त परीक्षा (सामान्य ज्ञान, विषय संबंधी ज्ञान) के लिए सूची प्रकाशित किया जायेगा।
17. आवेदन शुल्क के रूप में सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी के लिए 500/– (पाँच सौ) रू0 का किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का डिमांड ड्राफ्ट जो Project Director, ATMA, Ramgarh के नाम से Payable at Ramgarh होगा। किसी भी परिस्थिति में आवेदन शुल्क की राशि वापस नहीं की जायेगी।
18. इन पदों के नियोक्ता पदाधिकारी परियोजना निदेशक, आत्मा, रामगढ़ होंगे। अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न विधाओं में प्राप्तांक के आधार पर Weightage के अनुसार होगा तथा अभ्यर्थियों की कम्प्यूटर दक्षता एवं प्रमाण पत्रों की जाँच गठित चयन समिति के सदस्यों द्वारा किया जायेगा।
19. अंतिम मेघा सूची /Result के प्रकाशन की तिथि से एक माह के अन्दर यदि चयनित अभ्यर्थी योगदान नहीं देते हैं तो उनकी दावेदारी स्वतः समाप्त हो जाएगी। Result का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र / ramgarh.nic.in/ atmaramgarh.org.in के माध्यम से की जायेगी।
20. प्रत्येक पद के लिए प्रतीक्षा सूची तैयार की जाएगी तथा उक्त सूची से ही रिक्त पदों को प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों से भरा जाएगा। प्रतीक्षा सूची प्रकाशन की तिथि से एक वर्ष के लिए मान्य होगी।
21. चयनित अभ्यर्थी उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, आत्मा/परियोजना निदेशक, आत्मा रामगढ़ एवं उच्चाधिकरियों से प्राप्त निदेशों का अनुपालन समय सीमा के अन्दर करना सुनिश्चित करेंगे।
22. अभ्यर्थी आवेदन पत्र एवं अधिक जानकारी हेतु विवरणी **NIC वेबसाईट ramgarh.nic.in पर एवं ATMA के वेबसाईट www.atmaramgarh.org.in** से डाउनलोड कर सकेंगे।
23. भरा हुआ आवेदन पत्र परियोजना निदेशक आत्मा, रामगढ़, नया समाहरणालय भवन, ब्लॉक–सी, छत्तरमाण्डू, रामगढ़ पिन–825101 के कार्यालय पते पर दिनांक ...20/02/24... को समय 5:00 बजे अपराह्न तक निबंधित डाक /स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा किया जा सकेगा। निर्धारित तिथि एवं अवधि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
24. प्रकाशित विज्ञापन में प्रकाशित पदों की संख्या एवं किसी कंडिका को परिवर्तन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
25. नियुक्ति हेतु विज्ञापन अथवा प्रक्रिया को बिना कारण बताये अधोहस्ताक्षरी द्वारा निरस्त किया जा सकता है। भविष्य में विभाग पर आपका कोई दावा मान्य नहीं होगा।

Chandan
06/02/24

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
आत्मा,रामगढ़।